कोटद्वार, रविवार
24 नवम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 201 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### दून–हरिद्वार हाईवे पर हादसे में दो युवकों की मौत

ऋषिकेश। रायवाला में शुक्रवार देर रात बेकाबू बाइक अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने युवकों के शव कब्जे में लेकर आपातकालीन 108 सेवा से एम्स भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई की बात कही है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे दून–हरिद्वार नेशनल हाईवे पर तीन पानी पुलिया के पास हुआ। लालतप्पड़ से बाइक से 23 वर्षीय विशाल निवासी बिजनौर यूपी और डोईवाला स्थित चांदमारी निवासी 20 वर्षीय दलविंदर रायवाला आ रहे थे। अचानक तीन पानी फ्लाईओवर के पास उनकी बाइक अज्ञात वाहन से टकरा गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से दोनों घायलों विशाल और दलविंदर को एम्स में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद शनिवार सुबह पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दोनों युवक लालतप्पड़ की किसी फैक्ट्री में कार्यरत बताए गए हैं।

### पिकअप ने स्कूली बच्चों के ई रिक्शा में टक्कर मारी, 4 घायल

काशीपुर।तेज गति से जा रहे पिकअप चालक ने शनिवार को ई–रिक्शा को चपेट में ले लिया। ई–रिक्शा में पांच स्कूली बच्चे बैठे थे, जिनमें से चार बच्चे चोटिल हो गए। सभी को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को घर वापस भेज दिया। गांव बाजपुर निवासी 6 वर्षीय सिद्धार्थ, 7 वर्षीय विराट, 7 वर्षीय अंशिका तथा 8 वर्षीय महक बाजपुर के सेंट मारिया स्कूल में पढ़ते हैं। शनिवार को स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे ई–रिक्शा पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे कि मुड़िया कला के पास एक पिकअप चालक ने अनियंत्रित होकर उनके रिक्शा को चपेट में ले लिया। इससे इनका रिक्शा सड़क पर पलट गई और इसमें सवार चार बच्चे घायल हो गए। लोगों ने इसकी सूचना बच्चों के परिजनों को दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर तैयब ने बच्चों को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया। उन्होंने बताया कि बच्चे को गंभीर चोट नहीं लगी है।

### जमीन बेचने के नाम पर 43 लाख रुपये हड़पे

रुड़की। जमीन बेचने के नाम पर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति से करीब 43 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने मंगलौर कोतवाली में नामजद आरोपियों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया है। मंगलौर कोतवाली इंस्पेक्टर शांति प्रसाद गंगवार ने बताया कि विजय कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी मुंडलाना मंगलौर ने मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि असलम, उसकी पत्नी तथा कलीम पुत्र असलम व एक अन्य पुत्र मोहम्मद सूफियाना सावेज निवासी ग्राम सलेमपुर महदूद व शब्बू पुत्र महमूद निवासी शेखपुरी रुड़की ने अपनी ग्राम सलेमपुर महदूद स्थित भूमि दिखाकर भूमि खरीदने के लिए को कहा। जमीन पसंद आने के बाद 43 लाख रुपये दिए। जिसके बाद शब्बू, असलम तथा उसका पुत्र यह कहकर चले गए कि आप बैनामा कराने तहसील ज्वालापुर हरिद्वार आ जाओ। हम वहीं मिलेंगे। बातों पर यकीन करते हुए विजय ने वहां से सभी को जाने दिया। तहसील ज्वालापुर जाने के बाद ये सभी नहीं आए। फोन पर संपर्क करने के बाद सभी झूठ बोलने लगे। पैसा वापस मांगने के लिए दबाव डालने पर बीस लाख रुपये का एक चैक देने के साथ ही आरोपी उससे झूठ बोलते रहे।

### तीन लोगों की आंखें करेगी छह अंधेरी जिंदगियां रोशन

ऋषिकेश। समाज में नेत्रदान के लिए जागृति आ रही है। लोग नेत्रदान के महत्व को समझने लगे हैं। शनिवार को बीना गुप्ता, महेंद्र पाल धींगड़ा और सुभाष चन्द्र के निधन पर परिजनों ने नेत्रदान को सर्वोपरि समझ कर नेत्रदान कराया।

नेत्रदान कार्यकर्ता व लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि के चार्टर अध्यक्ष गोपाल नारंग के अनुसार मनीराम मार्ग निवासी वीना गुप्ता के निधन पर परिजनों ने सामाजिक कार्यकर्ता पंकज गुप्ता और अश्विनी गुप्ता के माध्यम से नेत्रदान टीम को सूचित किया। इसी प्रकार जीवनी मार्ग निवासी महेंद्र पाल धींगड़ा के निधन पर ऋषि चावला और राकेश रावल के द्वारा नेत्रदान की स्वीकृति प्रदान की गई।

# भाजपा ने कोंकण–विदर्भ में ताकत बढ़ाई, शरद पवार के गढ़ में सेंध लगाई



नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। 288 सीटों में से भाजपा के नेतृत्व वाली 235 सीटों के साथ महायुति बड़ी जीत हासिल की है। वहीं, इस चुनाव में महाविकस अघाड़ी काफी पीछे रह गई। 23 नवंबर के परिणामों में लोगों की नजरें क्षेत्रवार नतीजों पर भी रही। चुनाव के दौरान तमाम दलों ने क्षेत्र के हिसाब से अपनी रणनीतियां बनाईं और इसके तहत प्रचार किया। नतीजे से धीरे–धीरे साफ हो गया है कि किसकी मेहनत कितनी रंग लाई।

**महाराष्ट्र में कितने क्षेत्र हैं?**

देश में उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद सबसे ज्यादा कहीं विधानसभा सीटें हैं तो महाराष्ट्र है। 288 विधानसभा सीटों वाला महाराष्ट्र सियासी रूप से पांच क्षेत्रों में बंटा हुआ है। इन क्षेत्रों के आधार पर ही सत्ता के समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। इनमें विदर्भ, मराठवाड़ा, पश्चिमी महाराष्ट्र, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र शामिल हैं।

**पूरे राज्य के नतीजे कैसे हैं?**

राज्य में 2024 के विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला दो प्रमुख गठबंधनों के बीच रहा। पहला भाजपा शिवसेना और एनसीपी (अजित गुट) का गठबंधन, जिसकी इस वक्त सरकार है। वहीं, विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। नतीजों में 288 सदस्यीय विधानसभा में महायुति को 235 सीटें मिली हैं। भाजपा को सबसे ज्यादा 132 सीटें मिली हैं। भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना को 57 सीटें मिली हैं। वहीं, अजित पवार की एनसीपी को 41 सीटें मिली हैं। इस तरह इस गठबंधन को कुल 221 सीटें मिलती दिख रही हैं जो बहुमत के आंकड़े 145 से काफी ज्यादा है। दूसरी ओर महाविकास अघाड़ी को 54 सीटें मिली हैं।

वहीं, 2019 के विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला दो प्रमुख गठबंधनों के बीच था। पहला भाजपा और शिवसेना का गठबंधन, जिसकी उस वक्त सरकार थी। वहीं, विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और एनसीपी शामिल थे। जब नतीजे आए तो 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को सबसे ज्यादा 105 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना को 56 सीटें आई थीं। इस तरह इस गठबंधन को कुल 161 सीटें मिली थीं, जो बहुमत के आंकड़े 145 से काफी ज्यादा था। दूसरी ओर एनसीपी को 54 सीटें जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं।

## यूपी उपचुनाव परिणाम : एनडीए की सात सीटों पर जीत, सपा दो पर विजयी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनावों के परिणाम शनिवार को आ गए। छह सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी है। जबकि, एक सीट भाजपा की सहयोगी रालोद ने जीती है। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) भी अपनी दो सीट बचाने में कामयाब हो गई है। उसे करहल और सीसामऊसीट पर जीत मिली है। इस उपचुनाव ने मुस्लिम बाहुल्य सीट कुंदरकी पर भाजपा ने 31 साल बाद कमल खिलाया है। वहीं, कटेहरी में 33 वर्ष बाद चुनावी जीत का कमल खिल गया है। चुनाव आयोग की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर 25 राउंड की गिनती पूरी हो गई है। यहां से भाजपा और रालोद उम्मीदवार मिथलेश पाल को जीत मिली है। उन्होंने 84,304 मत प्राप्त किए। सपा उम्मीदवार सुंबुल राणा 53,508 मत मिले हैं। इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के जाहिद हुसैन को 22,661 मत मिले हैं। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के मोहम्मद अरशद को 22,661 वोट मिले हैं। बसपा यहां पर पांचवें पायदान पर रही, उसे महज 3,248 मत प्राप्त हो सके। एनडीए को 45.43 फीसद वोट मिले हैं। सपा को 28.84 प्रतिशत और बसपा को 1.75 फीसदी वोट मिले हैं।मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर भाजपा के रामवीर सिंह को 1,70,371 वोट मिले। उन्होंने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को 1,44,791 मतों से शिकस्त दी है। सपा के रिजवान को इस सीट पर 25,580 वोट मिले। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी रही, जिसे 14,201 मत मिले। वहीं,



एआईएमआईएम को 8,111 वोट मिले। यहां बसपा पांचवें स्थान पर रही। उसे महज 1,099 वोट ही मिल सके।

गाजियाबाद सीट पर भाजपा के संजीव शर्मा को 96,946 वोट मिले हैं। सपा के सिंह राज जाटव को 27,595 मत मिले हैं। इस सीट पर भाजपा ने 69,351 मतों से जीत दर्ज की है। बसपा के पीएन गर्ग को 10,736 वोट मिले। भाजपा को यहां पर 62.99, सपा को 17.93 और बसपा को महज 6.98 फीसदी मत प्राप्त हो सके। अलीगढ़ की खैर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सुरेन्द्र सिंह दिलेर चुनाव जीते हैं। उन्हें 1,00,181 मत मिले हैं। सपा उम्मीदवार चारु केन को 61,788 वोट मिले हैं। वह भाजपा प्रत्याशी से 38,393 वोटों से पराजित हुई हैं। बसपा के पहल सिंह को 13,365 वोट ही मिल सके हैं। मैनपुरी की करहल सीट से सपा के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव को 1,04,304 वोट मिले। उन्होंने भाजपा के अनुजेश यादव को 14,725 वोटों से हराया है। अनुजेश यादव को इस सीट पर 89,579 मत प्राप्त हुए। बसपा को 8,409 वोट मिले। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट में पूरे 20 चरण की मतगणना खत्म हो गई है। यहां से सपा की उम्मीदवार नसीम सोलंकी को कुल 69,714 मत मिले। वहीं, भाजपा के सुरेश अवस्थी को 61,150 वोट मिले। नसीम सोलंकी ने भाजपा के सुरेश अवस्थी को 8,564 वोटों से परास्त कर दिया। बसपा के वीरेंद्र कुमार को यहां से महज 1,410 वोट मिल सके। प्रयागराज की फूलपुर सीट पर भाजपा के दीपक पटेल को 78,289 वोट मिले। उन्होंने सपा के मुज्तबा सिद्दकी को 11,305 वोटों से हराया है। सपा के उम्मीदवार को 66,984 मत मिले। जबकि, बसपा के जितेंद्र कुमार सिंह को 20,342 वोट मिले। कटेहरी विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार धर्मराज निषाद को 1,04,091 वोट मिले। उन्होंने सपा की शोभावती वर्मा को 34,514 वोट से हराया।

मिर्जापुर की मझवां सीट पर भाजपा की शुचिस्मिता मौर्य को 77,737 वोट मिले। सपा की ज्योति बिंद को 72,815 मत मिले। भाजपा उम्मीदवार ने सपा को यहां 4,922 मतों से परास्त किया है। इस सीट पर बसपा के दीपक तिवारी को 34,927 वोट मिले।

## भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल 5622 मतों से जीती

**● कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को किया पराजित ● केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपन्न**

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन, जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कौंडे की देखरेख में मतगणना सुव्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक संपन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला ने भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को विजय प्रमाण-पत्र दिया।

केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया दोपहर करीब 1:30 बजे समाप्त हो गई। 13 राउंड में चली मतगणना प्रक्रिया के बाद भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को कुल 23814 मत प्राप्त हुए, जिसमें ईवीएम के माध्यम से 23130 तथा 684 डाक मतपत्र प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को कुल 18192 मत प्राप्त हुए, जिसमें ईवीएम से 18031 तथा 161 डाक मतपत्र से प्राप्त हुए। इस तरह भाजपा अधिकृत प्रत्याशी आशा नौटियाल ने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 5622 मतों के अंतर से पराजित किया। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन सिंह चौहान 9311 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी आशुतोष भंडारी 1314 मतों के साथ चौथे, निर्दलीय प्रत्याशी आरपी सिंह 493 पांचवें



तथा पीपीआई (डी) के प्रदीप रोशन 483 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे। अंतिम दो स्थान पर रहे प्रत्याशियों से अधिक कुल 834 मत नोटा के पक्ष में रहे। पोस्टल बैलेट के 262 मत निरस्त किए गए। कुल ईवीएम के माध्यम से 53513 मत प्राप्त हुए। डाक मतपत्र 1190 तथा विधानसभा उप निर्वाचन 54703 मत प्राप्त हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने मतगणना सहित पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी मतगणना ऑब्जर्वर, मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायकों, कार्मिकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों सहित सभी नोडल अधिकारियों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने में लगे सभी कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया बंधुओं का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## केदारनाथ विस में हमें मिली ये जीत जनता की जीत : धामी

### सीएम धामी ने केदारनाथ विस की जनता का जताया आभार

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को विजयी बनाने के लिए केदारनाथ विस की देवतुल्य और राष्ट्रवादी जनता का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा में हमें मिली ये जीत जनता की जीत है, हमारी ये जीत संगठन की जीत है, हमारी ये जीत कार्यकर्ताओं की जीत है, हमारी ये जीत मोदी जी की जीत है, हमारी ये जीत विकास की जीत है, हमारी ये जीत राष्ट्रवाद की जीत है और हमारी ये जीत सनातन की जीत है। इतना ही नहीं हमारी ये जीत क्षेत्रवाद की हार है, हमारी ये जीत जातिवाद की हार है और हमारी ये जीत मुझ पर और मेरी सरकार पर विपक्ष द्वारा लगाए गए झूठे और बेबुनियाद इल्जामों



की भी हार है। हम केदारनाथ विधानसभा सहित समस्त उत्तराखंड में विकास की अलख जगाने का अपना कार्य इसी प्रकार जारी रखेंगे और उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत सनातन की जीत : महाराज

### केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा की जीत पर जताई प्रसन्नता

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ विधानसभा और उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को मिली विजय के साथ-साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को मिली प्रचंड जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस जीत को प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के साथ-साथ सनातन की जीत बताया है।

प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल को मिली जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की धामी सरकार



की नीतियों के साथ-साथ देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत बताया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश उपचुनाव में भाजपा को मिली कामयाबी पर खुशी जताते हुए महाराष्ट्र में महायुति को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इस जीत को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजीत पंवार और भाजपा कार्यकर्ताओं सहित महाराष्ट्र की जनता की जीत बताया है। श्री महाराज ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में जनता ने भाजपा को जीता कर कांग्रेस के झूठ का करारा जवाब दिया है। कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जीताकर एक बार पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। श्री महाराज ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को मिली प्रचंड जीत सनातन विरोधियों के मुंह पर करारा तमाचा है। महाराष्ट्र की जनता ने इस चुनाव में कांग्रेस को आइना दिखाने के साथ-साथ उद्धव ठाकरे और शरद पवार को भी जमीन दिखा दी है।

### केदारनाथ और महाराष्ट्र की जीत पर मनाया जश्न

ऋषिकेश। केदारनाथ और महाराष्ट्र में भाजपा की जीत पर शनिवार को भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की। उन्होंने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार भी किया। कहा कि यह जीत इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ना चाहती है। उनके हाथों ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। केदारनाथ सीट के उपचुनाव और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ता जश्न में डूब गए। रेलवे रोड स्थित जिला कार्यालय पर इकट्ठा होकर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिह राणा ने कहा कि केदारनाथ और महाराष्ट्र की जीत जनता की जीत है। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और राज्य में सीएम धामी का कुशल नेतृत्व और विकास पर जनता ने फिर से मुहर लगाई है। कहा कि विपक्षी ने गुमराह करने का काफी प्रयास किया, लेकिन जनता भाजपा की विकास नीति से जुड़ी रही।

## आप ने लहराया परचम, चार में से तीन सीटों पर दर्ज की जीत

नई दिल्ली, ंजाब की चार विधानसभा सीटों डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा और बरनाला पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। पंजाब उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने बाजी मारी है। आम आदमी पार्टी ने राज्य की चार में से तीन सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है, जबकि बरनाला सीट कांग्रेस के खाते में गई है। डेरा बाबा नानक विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस की जतिंदर कौर रंधावा को हराया है। गुरदीप सिंह रंधावा को कुल 59,104 और कांग्रेस की रंधावा को कुल 53,405 वोट मिले हैं। चब्बेवाल सीट पर आप के




उम्मीदवार डॉ. इशांक कुमार ने 28,690 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। इशांक कुमार ने कांग्रेस के रंजीत कुमार को मात दी है। इशांक कुमार को कुल 51,904 वोट मिली हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 23,214 वोट मिले। गिद्दड़बाहा विधानसभा सीट पर आप के उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वड़िंग को 21,969 वोटों के अंतर से हराया है। ढिल्लों को कुल 71,644 और अमृता वड़िंग को 49,675 वोट मिले। वहीं बरनाला सीट पर कांग्रेस के कुलदीप सिंह ढिल्लों काला ढिल्लों ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरिंदर सिंह धालीवाल को 2,157 वोटों के अंतर से हराया है। कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 28,254 और आप उम्मीदवार को कुल 26,097 वोट मिले हैं। पंजाब में आप उम्मीदवारों की जीत के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। केजरीवाल ने कहा, पंजाब के लोगों ने उपचुनाव में आम आदमी पार्टी को चार में से तीन सीट देकर फिर से आम आदमी पार्टी की विचारधारा और हमारी सरकार के काम पर विश्वास जताया है। पंजाब के लोगों का बहुत–बहुत शुक्रिया और सबको बहुत–बहुत बधाई।

## प्रियंका गांधी ने दिया वायनाड की जनता, साथियों, परिवार और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद

नई दिल्ली, केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बड़ी बढ़त के साथ शानदार जीत की ओर अग्रसर हैं। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रियंका गांधी ने अब तक 622,338 वोट प्राप्त किए हैं और वह अपने प्रतिद्वंद्वी से 4 लाख 10 हजार से ज्यादा वोटों से आगे चल रही हैं। इस बढ़त के साथ प्रियंका गांधी की जीत लगभग पक्की है। प्रियंका गांधी की इस जीत को लेकर उनकी पार्टी और समर्थक बेहद उत्साहित हैं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने वायनाड की जनता का धन्यवाद किया और जीत के इस सफर में उनके साथियों, परिवार और कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में



लिखा, मेरे प्यारे वायनाड की बहनें और भाइयों, मैं आपके द्वारा मुझे दिए गए विश्वास से अभिभूत हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ आपको यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस व्यक्ति को आपने अपना प्रतिनिधि चुना है, वह आपके सपनों और आकांक्षाओं को समझता है और आपके लिए लड़ता है, जैसे कि वह आपका अपना हो। मुझे संसद में आपकी आवाज बनने का इंतजार है। प्रियंका ने आगे कहा, इस सम्मान के लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं और उससे भी अधिक, जो अपार प्रेम आपने मुझे दिया है।

## एक हैं तो सेफ हैं बना देश का महामंत्र

### –बीजेपी कार्यकर्ताओं से बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली,महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत के साथ ही प्रदेश में महायुति की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है वहीं उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भी एनडीए का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस बीच राजधानी दिल्ली में बीजेपी की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद बीजेपी मुख्यालय पहुंच चुके हैं। वे कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हम ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मना रहे हैं। महाराष्ट्र में विकासवाद की जीत हुई



है। सुशासन की जीत हुई है। सच्चे सामाजिक न्याय की विजय हुई है। झूठ, छल और फरेब की बुरी हार हुई है। विभाजनकारी ताकतों और परिवारवाद की हार हुई है। देश भर के एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत–बहुत बधाई देता हूं और सबका अभिनंदन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के न तो झूठे वादे चले और न खतरनाक एजेंडा चला. महाराष्ट्र का जनादेश एक और संदेश है कि पूरे देश में सिर्फ और सिर्फ एक ही संविधान चलेगा. भारत का संविधान ही चलेगा. जो भी सामने या पर्दे के पीछे दो संविधान की बात करेगा, उसको देश पूरी तरह से नकार देगा. कांग्रेस और उसके साथियों ने जम्मू कश्मीर में फिर से आर्टिकल 370 की दीवार का सहारा लिया लेकिन जनता ने बता दिया कि ये नहीं चलेगा. कांग्रेस वालों को कहता हूं कान खोलकर सुन लो कि दुनिया की कोई भी ताकत 370 को वापस नहीं ला सकती.

ीएम मोदी ने महाराष्ट्र की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पिछले 50 साल में पहली बार किसी प्रीपोल अलायंस की इतनी बड़ी जीत है। लगातार तीसरी बार है जब बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को लगातार तीसरी बार सत्ता में मौका दिया है। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

## वन्यजीवों द्वारा मानवजीवन को खतरा, आखिर क्या है कुदरत का खेल

मानव और वन्य जीव संघर्ष एक गम्भीर समस्या बन चुकी है। हालांकि वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वन विभाग की भारी–भरकम मशीनरी लाखों रुपए खर्च करती है लेकिन वह भी इस गम्भीर समस्या के आगे असहाय नजर आ रही है। आए दिन शहरों में खतरनाक वन्य जीव घुस आते हैं और मनुष्यों पर हमले कर देते हैं जिससे मौतें भी होती हैं और वन्य जीवों को भी पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार वन्य जीवों को भी जान से हाथ धोना पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली की एक रिहायशी बस्ती में आमदखोर तेंदुए ने घुसकर एक दर्जन लोगों पर हमला किया। उसके हमले में पांच लोग घायल हो गए। पूरे इलाके में खौफ कायम है। इस आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी। इससे पहले भी पिछले वर्ष दिसम्बर में हाई प्रोफाइल इलाके सैनिक फार्म में तेंदुए ने दहशत फैला दी थी। हालांकि कई घंटों बाद उसे दबोच लिया गया था। महानगरों में ही नहीं बल्कि उत्तराखंड और कुछ अन्य राज्यों में ऐसी घटनाएं लगातार देखने को मिल रही हैं। अब सवाल यह है कि वन्य जीवों के शहरों में घुसने की समस्या के लिए जिम्मेदार किसे माना जाए। क्या इसके लिए केवल वन विभाग को जिम्मेदार माना जाए या फिर मानव को इसके लिए जिम्मेदार माना जाए। कोई जानवर किसी इंसान की जान का दुश्मन कब बनता है? आज क्यों दोनों ही एक–दूसरे की बलि लेने पर अमादा हो जाते हैं? आखिर वन्य प्राणी अपने आश्रय स्थलों को छोड़ने के लिए विवश क्यों हुए? दरअसल वनों पर अत्यधिक मानवीय हस्तक्षेप ही वन्य जीवों के साथ मानव के संघर्ष का प्रथम कारण बना। वनों का व्यावसायिक उपयोग, उद्योग जगत का विस्तार और आधुनिक जीवनशैली तथा बाजारीकरण और नगरीय सभ्यता के विकास ने दुनिया के कोने–कोने में कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए। सड़कों का जाल ऐसे बिछा कि जंगल के बाशिंदे भोजन और आवास के लिए तरसने लगे। परिणामस्वरूप उनका पदार्पण मानव बस्तियों की ओर होने लगा। तो क्या विकासपरक नीतियां ही मानव और वन्य जीवों के संघर्ष के पीछे महत्वपूर्ण कारक है? जंगलों के दोहन के साथ सेंचुरी और नेशनल पार्क के निर्माण ने वनों के आस–पास निवास करने वाले स्थानीय निवासियों को उनके हक से वंचित किया है। जबकि यह वही स्थानीय निवासी थे जिन्होंने सदियों से बिना व्यावसायिक दोहन के हमेशा वनों का उचित उपयोग करते हुए उसके संरक्षण का भी काम किया था। विडंबना ही कहेंगे कि इस मुद्दे को सिरे से नकार दिया जाता है। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विमर्श हाशिये के समाजों की जीवनशैली को समझने में असमर्थ ही रहे हैं। सरकार जंगलों को बचाने के लिए भले ही लाख प्रयास करे लेकिन हकीकत यह है कि वन्य क्षेत्र लगातार कम होते जा रहे हैं। जंगल काट–काट कर रिहायशी कॉलोनियां बसाई जा चुकी हैं। पर्यटन के नाम पर जंगलों को कमाई का केन्द्र बना दिया है। वन क्षेत्र में सफारी और जंगल रिजॉर्ट बना दिए गए हैं। इस सबसे वन्य जीवों की निजता का हनन हो रहा है। यही कारण है कि वन्य जीव इंसानी बस्तियों में आने लगे हैं। इतने सारे वन्य संरक्षण पार्क और सेंचूरी बन जाने के बावजूद वन्य जीवनों का हमला बढ़ता जा रहा है। हालांकि इस समस्या के कई अन्य कारण भी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जंगलों में शिकार की कमी और पानी की कमी भी वन्य जीवों का शहरों की तरफ आना भी कारण है। यह एक ऐसी समस्या है जो पहाड़ी राज्यों के जीवन, जीविका और समाज को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। उत्तराखंड के गांव में रहने वाले लोग आमदखोर जानवरों के आतंक की वजह से अपने गांव छोड़कर शहरी इलाकों में बसने लगे हैं। सबसे अधिक आतंक गुलदारों का है जो घर, आंगन और खेत–खलिहानों में धमक कर जान के खतरे का सबब बने हुए हैं। गुलदार तो आबादी वाले क्षेत्र में ऐसे घूम रहे हैं जैसे मवेशी हों। बाघ भी गांव में घुसकर हमले कर रहे हैं। कभी हाथी मेरे साथी की कहावत बहुत मशहूर थी लेकिन अब हाथी मानव के साथ नहीं रहे हैं। झारखंड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल आदि राज्यों में गजराज के हमलों में लोग मारे जा रहे हैं। वन्य जीवों के हिंसक हो जाने के भी कई कारण हैं। आमदखोर जानवर महिलाओं, बच्चों को अपना निवाला बना रहे हैं। वन विभाग इन्हें पकड़ भी लेता है लेकिन उन्हें दूसरी जगह रेलोकेट नहीं किया जाता जो एक खतरनाक प्रक्रिया है। यह भी सच है कि देश में इनका अवैध शिकार भी लगातार हो रहा है। इस गम्भीर समस्या का समाधान अब गम्भीरता से करना होगा। जब तक इनके लिए आरक्षित क्षेत्रों में इंसानी दखलंदाजी को रोका नहीं जाता, जंगलों की अंधाधुंध कटाई रोकी नहीं जाती और विकास के नाम पर विनाश की प्रक्रिया बंद नहीं की जाती तब तक वन्य जीव बनाम इंसान संघर्ष जारी रहेगा।

# ट्रंप के साथ एलन मस्क की जबरदस्त जुगलबंदी

**गौरतलब है कि एक्स पर मस्क के 20 करोड़ फालोअर हैं। मस्क ने अमेरिका के स्विंग राज्यों (वे राज्य जहाँ दोनों पार्टियों के समर्थकों की संख्या लगभग सामान है) में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हथियार रखने के अधिकार के पक्ष में एक याचिका पर हस्ताक्षर करने के बदले 47 डालर देने की घोषणा भी की थी ।सीधे शब्दों में कहा जाए तो उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का पूरा समर्थन किया और उनके चुनावी अभियान पर अपना धन भी लुटाया। उन्होंने अपने प्रभाव और अपने अकूत धन, दोनों को ट्रप को समर्पित कर दिया ।जाहिर है कि वे परोपकार तो कर नहीं रहे थे। अब वे यह उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके समर्थन का ईनाम उन्हें मिलेगा। वे चाहेंगे कि टेस्ला, स्पेस एक्स और उनके अन्य कारोबारों में हो रही गड़बडियों को नियामक संस्थाएं नजरअंदाज करें या कम से कम उन पर सख्त रूख अख्तियार न करें।**



श्रुति व्यास

पिछले कुछ महीनों से ट्रंप के साथ अगर कोई जबरदस्त जुगलबंदी कर रहा था तो वे थे एलन मस्क। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान सबसे बढ़–चढ़कर लफ्फाजी करने वालों में मस्क अग्रणी थे।ट्रंप की एक रैली में उछल–कूद मचाते हुए उन्होंने दावा किया था कि वे न केवल मागा हैं बल्कि वे एक बर्बर डार्क गौथिक मागा हैं।ट्रप के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मस्क ने 'एक्स' का भरपूर इस्तेमाल किया। उन्होंने ट्रंप समर्थकों और उनकी टीम को अपनी बात कहने के लिए एक्स का मंच दिया।मस्क ने खुद के एक्स एकाउंट पर जो रोगन के साथ उनके उस पॉडकास्ट का प्रसारण किया जिसमें वे मागा और डोनाल्ड ट्रंप का गुणगान कर रहे हैं और यह बता रहे हैं कि वे ट्रप के कितने बड़े मुरीद हैं।

गौरतलब है कि एक्स पर मस्क के 20 करोड़ फालोअर हैं। मस्क ने अमेरिका के स्विंग राज्यों (वे राज्य जहाँ दोनों पार्टियों के समर्थकों की संख्या लगभग सामान है) में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हथियार रखने के अधिकार के पक्ष में एक याचिका पर हस्ताक्षर करने के बदले 47 डालर देने की घोषणा भी की थी।सीधे शब्दों में कहा जाए तो उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का पूरा समर्थन किया और उनके चुनावी अभियान पर अपना धन भी लुटाया। उन्होंने अपने प्रभाव और अपने अकूत धन, दोनों को ट्रप को समर्पित कर दिया।जाहिर है कि वे परोपकार तो कर नहीं रहे थे। अब वे यह उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके समर्थन का ईनाम उन्हें मिलेगा। वे चाहेंगे कि टेस्ला, स्पेस एक्स और उनके अन्य कारोबारों में हो रही गड़बडियों को नियामक संस्थाएं नजरअंदाज करें या कम से कम उन पर सख्त रूख अख्तियार न करें।

ट्रप ने भी दरियादिली दिखाई और जीत बाद दिए गए भाषण में कहा, "एक नए सितारे का उदय हो गया है जिसका नाम है एलन" इसके फौरन बाद टेस्ला का शेयर करीब 15 प्रतिशत चढ़ गया और उस दिन वह एसएंडपी सूचकांक के सबसे ज्यादा बढ़ने वाले शेयरों में से एक बना।इससे मस्क की कुल संपत्ति में 20 बिलियन डालर का इज़ाफा हुआ और वह बढ़कर 285 बिलियन डालर हो गई। ज्ञानीजन कयास लगाने लगे कि क्या वे दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बनने की राह पर हैं जिसकी संपत्ति 1000 बिलियन डॉलर से अधिक हो।

मस्क एक्स की खातिर कुछ भी करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने जनमत को ट्रंप के पक्ष में करने के लिए एक्स के मालिक के तौर पर बहुत बड़ा राजनैतिक और व्यावसायिक दांव खेला है।

इसलिए ट्रंप की जीत एक्स के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। ट्रंप के शासनकाल में एक्स को एक ऐसे मंच का दर्जा मिल सकता है जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति का समर्थन हासिल है जिससे उसका प्रभाव और बढ़ जाएगा।

ऐसी अफवाहें हैं कि एक्स का ट्रप के प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल की होल्डिंग कंपनी में विलय हो सकता है। चुनाव की रात मस्क ने अपने करोड़ों फालोअर्स को संबोधित एक पोस्ट में कहा था कि, "अब आप ही मीडिया हैं।

यह देखा जाना बाकी है कि मस्क के व्यवसायिक साम्राज्य की संघीय जांचों का अब क्या होता है। बाइडन प्रशासन के दौरान नियामक संस्थाओं द्वारा मस्क की कंपनियों की जांच–पड़ताल काफी बढ़ गई थी।न्याय विभाग, सिक्युरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन, नेशनल लेबर रिलेशन बोर्ड, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और संघीय व्यापार आयोग झ सभी ने उनकी कंपनियों की जांच शुरू कर दी थी।लेकिन जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ट्रप ने मस्क की ओर इशारा करते हुए कहा, "हमें अपनी प्रतिभाओं को संरक्षण देना होगा। हमारे पास ये ज्यादा संख्या में नहीं हैं"। मस्क को ट्रंप के सत्ता में आने से फायदा होगा इसमें कोई शक नहीं। उन्हें अपनी वफादारी का ईनाम मिलेगा। उन्हें सरकारी ठेके बिना ज्यादा जांच–पड़ताल के मिलेंगे। इस बात की भी संभावना है कि उन्हें सरकार में कोई पद दे दिया जाए।

चुनाव प्रचार के दौरान मस्क ने कहा था कि एक 'शासकीय कार्यकुशलता आयोग' का गठन किया जाना चाहिए जो संघीय सरकार के सभी कार्यकलापों का लेखा–जोखा रखे। यह बात उन्होंने सबसे पहले एक्स पर ट्रंप के साथ हुई चर्चा के सीधे प्रसारण के दौरान कही।

मस्क ने कहा था कि यह आयोग यह सुनिश्चित कर सकता है कि करदाताओं का धन 'ठीक से खर्च किया जाए'। हाल में ट्रंप ने घोषणा की कि वे ऐसा आयोग बनाएंगे और उसका जिम्मा मस्क को सौंपा जाएगा।इस शासकीय आयोग के प्रमुख के तौर पर मस्क का संघीय संस्थाओं पर अच्छा खासा दबदबा रहेगा और किसे कितना बजट दिया जाए, यह तय करने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।ट्रंप ने इस बात का विस्तार से खुलासा नहीं किया है कि इस आयोग की कार्यप्रणाली क्या होगी और उसे कितनी स्वायत्ता हासिल होगी। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा है कि वह बजट में भारी कटौती करने के तरीके सुझाएगा। मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि मस्क की बल्ले–बल्ले हो जाएगी।

लेकिन यह गहरी मित्रता आखिर कब तक चलेगी? ट्रप नहीं चाहेंगे कि उन्हें सुर्खियां किसी और के साथ साझा करनी पड़ें। मस्क का भी हमेशा सुर्खियों में बने रहने का अरमान रहता है।

दोनों ही व्यापारी हैं जो हर रिश्ते और मित्रता को लाभ–हानि के तराजू पर तौलते हैं। दोनों ही बहुत अस्थिर मिजाज वाले हैं। और जैसे दो समान आवेश वाली चीजें एक दूसरे को प्रतिकर्षित करती हैं, वैसे ही एक से मिजाज और अहं वाले दो व्यक्तियों के बीच दोस्ती टूटने में देर नहीं लगती।

दोस्ती कब नफरत में बदल जाए कहा नहीं जा सकते। जब तक ऐसा नहीं होता तब तक मस्क ट्रंप के राष्ट्रपति होने से लाभान्वित होते रहेंगे।

# क्या हम कभी ताजगी से महकती हवा में गहरी सांस ले पाएंगे?

श्रुति व्यास

क्या दिल्ली में अब कभी वह सर्दी आएगी जो पहले आती थी? वह सर्दी जिसमें हम दिल्लीवासी साफ़ हवा में सांस लेते थे? क्या सर्दियों में नीला आकाश देखने को मिलेगा? क्या हम कभी ताजगी से महकती हवा में गहरी सांस ले पाएंगे?

दिल्ली को पहली बार 2016 में अहसास हुआ कि हवा जहरीली हो सकती है। उस साल दिल्ली पर पहली बार धुंध की एक बड़ी–सी चादर छा गई थी।

हाहाकार मचा और अस्तव्यस्तता के हालात बने। उस समय हम न तो वायु प्रदुषण से जुड़े शब्दों (जैसे एक्यूआई) को समझते थे, ना इसके दुष्प्रभाव को और ना ही इसके अंतिम नतीजों को।

इसके एक साल पहले, 2015 में न्यूयार्क टाईम्स के दक्षिण एशिया संवाददाता गार्डिनर हैरिस ने एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक था "दिल्ली अपनी सांस रोक लो। इस लेख में जो कहा गया था, वह अंततः सही सिद्ध हुआ। लेकिन उस समय उसकी बहुत आलोचना हुई थी और उसे एक डरावनी कल्पना से अधिक कुछ नहीं माना गया था। मगर आज उस लेख की भविष्यवाणी, दिल्ली की भयावह हकीकत है। सन् 2016 में एक्यूआई 372 था, जो वायु प्रदूषण का 'खतरनाक' स्तर होता है। तब मैंने एक एयर प्यूरीफायर खरीदा था। लेकिन मैं यह नहीं जानती थी कि आठ साल बाद मुझे अकेले अपने घर में साफ हवा में सांस लेने के लिए दो एयर प्यूरीफायरों की जरूरत होगी। उस समय इवन–आड (जिन गाडियों के नंबर विषम हैं, उन्हें एक दिन और जिनके सम हैं, उन्हें अगले दिन सडक़ पर चलने की इजाजत देना), डीजल वाहनों पर प्रतिबंध, ट्रकों के शहर में प्रवेश पर पाबंदी, स्कूलों की छुट्टी आदि जैसे छोटी अवधि के लिये कारगर उपाय लागू किए गए। मगर इनसे दिल्ली निवासी खुश नहीं थे। आज दिल्ली में प्रदूषण का स्तर उस समय से बहुत ज्यादा है लेकिन उससे निपटने के लिए वही पहले वाले उपाय लागू हैं। बस फर्क यह है कि इन उपायों को एक आधिकारिक नाम दे दिया गया है झ जीआरएपी 4। दिल्लीवासी तब की तरह आज भी इन कदमों से खुश नहीं हैं। लेकिन उनके पास कोई चारा नहीं है। इन हालातों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार हैं।

हम साल–दर–साल इस भयावह प्रदूषण का सामना करते रहे लेकिन कहीं कोई गुस्सा नजर नहीं आया। हर सुबह कोई–न–कोई न्यूज़ एजेंसी धुंध में लिपटी दिल्ली की तस्वीरें और वीडियो ट्वीट करती है और उसके बाद ले देकर राजनीति शुरू हो जाती है।

दिल्ली में यह संकट इसलिए और गंभीर रूप अख्तियार करता जा रहा है क्योंकि यहाँ मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी तो चुनावी मुद्दे हैं, मगर प्रदूषण नहीं है।

और क्यों हो? दुर्भाग्यवश आम दिल्लीवासी मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी ही चाहता है। लोग समय से पहले बीमारियों से घिर रहे हैं मगर कोई सरकारों से यह नहीं कहता कि इस मुद्दे पर वे गंभीर रूख अपनाएं। कोई सरकारों से मांग नहीं करता कि उसे सांस लेने के लिए साफ़ हवा उपलब्ध करवाई जाए। पिछले आठ सालों में हवा किस हद तक प्रदूषित हो चुकी है यह सबको महसूस है। सडक़ के पार की इमारतें तक नजर नहीं आतीं, उड़ानों में देरी हो रही है या उन्हें रद्द करना पड़ रहा है, छोटे–छोटे बच्चों को नेबुलाइजर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है और बड़ों को खांसी की दवाईयों का। यह सब आम हो चला है। लेकिन इसके बावजूद जनाक्रोश कहीं नहीं है झ ऐसा जनाक्रोश जो सरकारों को हालात में बदलाव लाने के लिए मजबूर करे। अब बच्चा–बच्चा पीएम 2.5 का मतलब जानता है। और लोगों की सेहत पर इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। शोधों से अब साबित हो गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से टाईप 2 डाईबीटीज का खतरा बढ़ जाता है। एक अन्य अध्ययन में यह पाया गया है कि दिल्ली के लोगों के पीएम 2.5 के औसत वार्षिक एक्सपोजर (92 माइक्रो ग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) के कारण रक्तचाप में बढ़ोत्तरी हो रही है और हाइपरटेंशन का रोग होने की संभावना बढ़ गई है। प्रदूषण का शरीर में कोलोस्ट्रोल और विटामिन डी के स्तर, लोगों के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं जैसे जन्म के समय वजन, गर्भवती स्त्री के स्वास्थ्य, किशोरों में इंसुलिन प्रतिरोध और अल्झाइमर व पार्किन्संस होने की संभावना आदि पर क्या प्रभाव होता है, इस पर भी अध्ययन किए जा रहे हैं।

एक सोच यह भी है कि प्रदूषित वायु से मनुष्यों का मूड बिगड़ता है, जिससे आत्महत्या का विचार मन में आने की संभावना में बढ़ोत्तरी होती है। लेकिन इस मामले में दिल्लीवालों के ढीले–ढाले रवैये को देखकर ऐसा लगता है कि वे साफ़ हवा को ऐसा मुद्दा ही नहीं मानते जिसके लिए उन्हें संघर्ष करना चाहिए, लडऩा चाहिए। औद्योगीकरण की राह चुनने वाले सभी राष्ट्र एक–न–एक दिन अपने आप को एक दोराहे पर पाते हैं। उन्हें समझ आता है कि 'प्रगति' और पर्यावरण में से उन्हें एक को चुनना होगा।

'प्रगति' हर शहर और उसके लोगों से अपनी कीमत वसूलने लगती है। औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप में यही हुआ। अमेरिका को अपनी हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में 25 से 35 साल लगे। लास एजिंल्स शहर अपनी हवा को साफ़ करने में 1950 के दशक से जुटा हुआ है मगर अब तक संघीय सरकार द्वारा निर्धारित मानकों तक नहीं पहुंच सका है। चीन में प्रदूषण से लड़ाई जारी है। चीन जल्दी में है क्योंकि उसने युद्ध काफी देर से शुरू किया है। मगर उसने बहुत जल्दी नतीजे हासिल कर लिए हैं। लेकिन दिल्ली में तो अभी जंग तक एलान तक नहीं किया गया है झ न जनता द्वारा और ना ही उसके निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा। निगरानी ढीली–ढाली है और संबंधित कायदे–कानूनों पर सख्ती से अमल नहीं किया जा रहा है। प्रदूषण के स्त्रोतों से निपटने के लिए कड़े नियम बनाने और एक परिष्कृत और अनवरत चलने वाली रणनीति अपनाने में किसी की रूचि नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशकों से दिल्ली धुंध से लड़ाई में लगातार मात खाता आ रहा है। सन 1990 के दशक में जब वायु प्रदूषण पहली बार एक चिंता का मुद्दा बना, तब सीएनजी का इस्तेमाल शुरू किया गया, कारखाने दिल्ली से हटाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भेजे गए और मेट्रो पर काम शुरू हुआ।

लेकिन जैसे–जैसे दिल्ली बड़ी होती गई, आबादी बढ़ती गई, ये उपाय बौने नजर आने लगे। फोकस 'प्रगति' पर था। और बड़े, और ऊंचे शहर, और हाईटेक शहर पर था। मगर इससे होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए कुछ नहीं किया गया। एक्सप्रेसवे बनाये गए झ जिन पर कारें हेलीकाप्टर की स्पीड से दौड़ती हैं झ मगर पैदल चलने वालों और साइकिल चलाने वालों के लिए सडक़ों पर कोई जगह नहीं थी।

सिंगापुर में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स खरीदने वालों को सरकार अनुदान देती है। मगर हमारे यहाँ सरकारें मुफ्त रेवडियों बाँट रही हैं। सरकारी तंत्र, प्रदूषण से निपटने के काम को कोई ख़ास तवज्जो नहीं देता।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को मिली नई रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी आया सामने

कंगना रनौत स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा विवादित फिल्म इमरजेंसी को एक बार फिर रिलीज डेट मिल गई है. कई बार पोस्टपोन होने के बाद इमरजेंसी अब साल 2025 में रिलीज होने जा रही है. कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर आकर फिल्म इमरजेंसी की नई रिलीज डेट का एलान किया है. इमरजेंसी लंबे समय से चर्चा और विवादों में हैं. सीबीएफएसी यानि सेंबर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिलने के बाद कई दिनों बाद कंगना रनौत ने अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. इमरजेंसी 17 जनवरी 2025 में रिलीज होने जा रही है कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पोस्ट में फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट का एलान किया है. कंगना ने अपने पोस्ट में लिखा है, 17 जनवरी 2025, भारत की सबसे शक्तिशाली महिला की बड़ी कहानी जिसने भारत की मंजिल को बदला, इमरजेंसी सिनेमाघरों में आ रही है. वहीं, फिल्म की रिलीज डेट के एलान के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी शेयर किया है. बता दें, बीती 14 अगस्त 2024 को फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज हुआ था. वहीं, इमरजेंसी का ट्रेलर देखने के बाद सिख कम्यूनिटी खुद को आंतकवादी की छवि में देख, भडक़ उठे और फिल्म को रिलीज करने पर कंगना रनौत और सेंसर बोर्ड को धमकी देने लगे. धीरे–धीरे मामला गर्म होता गया और फिर जैसे ही विवाद की चिंगारी कम हुई सेंसर बोर्ड ने कुछ सीन कट करने के बाद फिल्म को हरी झंडी दे दी. इमरजेंसी पहले 14 जून 2024 और फिर 6 सितंबर 2024 को रिलीज होनी थी, लेकिन सिख कम्यूनिटी के भारी विरोध के चलते फिल्म रिलीज नहीं हो सकी. फिल्म में कंगना रनौत भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी का रोल करने जा रही हैं. फिल्म में कई अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतिश कौशिक, मिलिंद सोमन और महिमा चौधरी समेत कई स्टार्स अहम रोल में नजर आने वाले हैं.



## श्रेयस अय्यर ने जड़ा टी–20 करियर का तीसरा शतक

नईदिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की बड़ी नीलामी से 1 दिन पहले श्रेयस अय्यर ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलते हुए गोवा के खिलाफ शानदार शतक जड़ दिया है।उन्होंने 47 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। अय्यर मुंबई की टीम की कप्तानी भी कर रहे हैं। इस मुकाबले में पृथ्वी शॉ भी खेल रहे हैं जो 33 रन बनाकर आउट हुए।श्रेयस के टी–20 करियर का यह तीसरा शतक है। मुंबई को पहला झटका 9 रन पर लगा था। अय्यर नंबर–3 पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने 57 गेंदों का सामना किया और 130 रन बनाकर नाबाद रहे।उनके बल्ले से 11 चौके और 10 छक्के निकले।

उनकी स्ट्राइक रेट 228.07 की रही।अय्यर ने पृथ्वी के साथ मिलकर सिर्फ 29 गेंदों में 57 रन की साझेदारी निभाई। अजिंक्य रहाणे के साथ अय्यर ने 31 गेंदों में 58 रन और शम्स मुलानी के साथ 50 गेंदों में 114 रन जोड़े। अय्यर ने 215 टी–20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,759 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 शतक के अलावा 36 अर्धशतक निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 131 से ज्यादा की रही है।

# ब्रेंडन मैकुलम नहीं, अब हमेशा यशस्वी जायसवाल को रखिए याद

नई दिल्ली। यशस्वी जायसवाल ने ब्रेंडन मैकुलम के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में दो सिक्स लगाकर जायसवाल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। जायसवाल टेस्ट क्रिक्रेट के एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

पहली पारी में बिना खाता खोले पवेलियन लौटने वाले यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में दमदार वापसी की। बिना किसी हड़बड़ी के खेलते हुए जायसवाल ने दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद 90 रन बना लिए हैं। 193 गेंद का सामना करते हुए जायसवाल ने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। इन दो सिक्स की मदद से जायसवाल ने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।



### साल 2014 में मैकुलम ने बनाया था रिकॉर्ड

दरअसल, साल 2014 में ब्रेंडन मैकुलम ने एक कैलेंडर ईयर में टेस्ट क्रिक्रेट में सर्वाधिक 33 सिक्स लगाने का कारनामा किया था। यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा। अब इस रिकॉर्ड को भारत के युवा बल्लेबाज ने तोड़ दिया है। जायसवाल इंग्लैंड के टेस्ट टीम के हेड कोच से आगे निकल गए हैं। जायसवाल 2024 में टेस्ट क्रिक्रेट के एक कैलेंडर ईयर में अभी तक 34 सिक्स लगा चुके हैं।

# कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 7: 350 करोड़ के बजट का 50 प्रतिशत भी वसूलना मुश्किल

सूर्या और बॉबी देओल की एपिक एक्शन फिल्म कंगुवा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक सप्ताह हो चुका है. 14 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म ने तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में 24 करोड़ रुपये की धमाकेदार शुरुआत की. हालांकि, इसकी आशाजनक शुरुआत के बावजूद, फिल्म को अगले दिन से कलेक्शन में भारी गिरावट का सामना करना पड़ा.

इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के अनुसार, कंगुवा ने जहां ओपनिंग डे पर अच्छी शुरुआत की, वहीं, मंडे टेस्ट में फेल साबित हुई. फिल्म ने पहले सोमवार को 3.15 करोड़ रुपये की कमाई की. मंगलवार को, कंगुवा ने थोड़ा और कमाई की और 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की, जो 3.17 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है. 7वें दिन यानी अपने पहले बुधवार को, मल्टी–स्टारर फिल्म ने अपने प्रदर्शन में गिरावट देखी और केवल 2.40 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ कंगुवा ने एक सप्ताह में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 62.40 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. कंगुवा 3डी की बुधवार, 20 नवंबर को कुल 13.36 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही. हिंदी की बात करें तो, फिल्म की 7वें दिन हिंदी में 9.08 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही.

सूर्या–बॉबी देओल स्टारर 350 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई. यह फिल्म भारत में 62.40 करोड़ की कुल कमाई के साथ अपने विशाल बजट का केवल 20 प्रतिशत ही वसूल कर पाई है. फिलहाल फिल्म के लिए अपने बजट का 50 प्रतिशत भी वसूल थोड़ा मुश्किल लग रहा है. कंगुवा को दुनियाभर के लगभग 6000 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है. इसने लगभग 178 करोड़ रुपये का टोटल प्री–रिलीज का बिजनेस किया है. फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 127 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था. वहीं, चौथे दिन फिल्म ने 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

## बड़े पर्दे पर फिर दिखेगी सलमान–करिश्मा की जोड़ी

अकसर लोगों को यह कहते सुना होगा कि शोले और दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे जैसी आइकॉनिग फिल्में जब थिएटर में रिलीज हुई होंगी तो थिएटर में क्या नजारा रहा होगा. अब इस फील को पूरा करने के लिए आइकॉनिक फिल्मों को री–रिलीज करने चलन हो गया है. हाल ही में शाहरुख खान की कई फिल्में री–रिलीज हुईं, जिसमें वीर जारा और कल हो ना हो शामिल हैं. वहीं, शाहरुख खान और सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म करण–अर्जुन भी दोबारा रिलीज हो चुकी है. अब सलमान खान, सुष्मिता सेन और अनिल कपूर स्टारर फैमिली ड्रामा और एक्सट्रा मैरिटल अफेयर वाली फिल्म बीवी नं 1 थिएटर में री–रिलीज होने जा रही है. बीवी नं 1 का आज नया ट्रेलर भी रिलीज हुआ है. एक्टर और फिल्म प्रोड्यसर जैकी भगनानी ने आज गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म बीवी नंबर 1 के री–रिलीज की जानकारी दी है. जैकी ने लिखा है, यह ऑफिशियल है,

# यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को पिलाया पानी

नई दिल्ली। पर्थ के ओप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजी बुरी तरह से फेल रही थी, लेकिन दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार काम किया है और ऑस्ट्रेलियाई टीम को विकेट के लिए तरसा दिया। यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक जमाते हुए राहुल के साथ मिलकर वो काम किया है जो 20 साल से नहीं हुआ था। भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 150 रन ही बना सकी थी। यशस्वी खाता तक नहीं खोल पाए थे। राहुल ने 26 रनों का योगदान दिया था। दूसरी पारी में इन दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए पेरशानी खड़ी कर दी है और शतकीय साझेदारी की है।



### यशस्वी का अर्धशतक

यशस्वी पहली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आए हैं। पहली पारी में फ्लॉप होने के बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दूसरी पारी में गलती सुधारी और धैर्य के साथ विकेट के हिसाब से बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर अपनी दूसरी ही पारी में उन्होंने 50 का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्हें राहुल का साथ मिला। दोनों ने मिलकर शतक जमाया। इसी के साथ इन दोनों ने वो काम कर दिया जो 20 साल से नहीं हुआ था। 20 साल पहले जब सौरव गांगुली की कप्तानी में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई थी तब आखिरी बार भारत की किसी सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की थी। उस सलामी जोड़ी का हिस्सा तूफानी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और आकश चोपड़ा था। इन दोनों ने सिडनी में साल 2004 में खेले गए टेस्ट मैच में शतकीय साझेदारी की थी। इसके बाद अब यशस्वी और राहुल ने ये काम किया है।

### यशस्वी का रिकॉर्ड

वहीं यशस्वी ने भी अर्धशतक बनाते हुए अपने नाम एक खास रिकॉर्ड कर लिया है। वह ओप्टस स्टेडियम में अर्धशतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 22 साल 330 दिन की उम्र में ये काम किया।

## एक नजर

### रूड़की में 11 से 21 दिसम्बर तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन बीईजी सैंटर रूड़की में आगामी 11 से 21 दिसम्बर, 2024 तक किया जायेगा। मेजर लैंसडौन मार्कंडेय मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 की अग्निवीर भर्ती रैली (पुरूष व महिला) का आयोजन बीईजी सैंटर रूड़की में किया जाएगा।

मेजर ने बताया कि 11 दिसम्बर को पुरूष अग्निवीर भर्ती टैक्नीकल, ऑफिस असिस्टेंट /एसकेटी ट्रेड में जनपद चमोली, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल व उत्तरकाशी की भर्ती की जाएगी। जबकि उत्तरकाशी जनपद की 11 दिसम्बर को अग्निवीर जनरल ड्यूटी भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। वहीं 12 दिसम्बर को चमोली, 13 को पौड़ी गढ़वाल व रूद्रप्रयाग, 14 को पौड़ी गढ़वाल व टिहरी गढ़वाल, 15 दिसम्बर को पौड़ी गढ़वाल, 16 दिसम्बर को देहरादून व हरिद्वार जनपद की अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। साथ ही 17 व 18 दिसम्बर को आरक्षित दिवस रखे गये हैं। उन्होंने बताया कि महिला अग्निवीर भर्ती रैली 19 दिसम्बर को उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए आयोजित की जाएगी। जबकि 20 व 21 दिसम्बर को महिलाओं के लिए आरक्षित दिवस रखे गये हैं।

### अदाणी मामले में कांग्रेस ने दून में किया प्रदर्शन

देहरादून। अदाणी मामले में कांग्रेस ने शनिवार को देहरादून में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की शह पर अदाणी समूह व्यापार के अनुचित तौर तरीके अपना रहा है। इससे देश की छवि खराब हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एश्लेहॉल चौक पर केंद्र सरकार का पुतला भी फूंका। महानगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय से जुलूस की शक्ल में एश्लेहॉल चौक पर पहुंचे। यहां उन्होंने अदाणी के साथ ही भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही कहा कि पिछले कई साल से कांग्रेस लगातार अदाणी के कारोबार को लेकर सवाल उठाते आ रही है। महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि राहुल गांधी इस मामले को संसद तक में मुखरता के साथ उठा चुके हैं। अब अमेरिका के साथ ही केन्या में जिस तरह के मामले सामने आए हैं, उससे यह साफ भी हो चुका है। उन्होंने शेयर मार्केट में जोड़तोड़ कर अदाणी समूह को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन प्रदेश महासचिव महेंद्र नेगी, नवीन जोशी, राजकुमार जायसवाल, जगदीश धीमान, देवेंद्र सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, चुन्नी लाल, अमरदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह पंवार, संदीप जैन, अरुण बलूनी, रोहित मित्तल, आलोक मेहता, लकी राणा, राम बाबू, गणेश चौहान, शहजाद अंसारी, मुस्तकीन अंसारी, अरविंद गुरुंग, साजिद अली, आलोक मेहता, पूनम कंडारी, अजय धीमान, आदर्श सूद, वंदना राही, केशवानंद आर्य, नवीन कुमार, गौरव शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### रजिस्ट्री के बावजूद जमीन पर कब्जा नहीं देने के आरोपियों पर केस

देहरादून। रजिस्ट्री कराने के बावजूद आरोपी पक्ष ने महिला को कब्जा नहीं दिया। मामले में नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि दीपनगर, अजबपुर निवासी मीना कुमारी ने तहरीर दी। बताया कि उन्होंने 2011 में अजबपुर कला में 37.63 वर्गमीटर भूमि खरीदी थी। इस खरीद के लिए उन्होंने 1.13 लाख रुपये का भुगतान किया। इसके बाद रजिस्ट्री कराई। आरोप है कि विक्रेता दिवाकर प्रसाद निवासी कोटद्वार, उसके एजेंट संदीप और कुलदीप सिंह ने जमीन का कब्जा नहीं दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने कब्जा दिलाने की मांग की तो उन्हें झूठे वादों के सहारे टाला गया।

दिवाकर प्रसाद ने उन्हें 1 लाख रुपये का चेक दिया। जो बैंक में लगाने पर कैश नहीं हुआ। आरोप है कि दिवाकर और उनके सहयोगियों ने गाली–गलौज की और पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी। मीना कुमारी का कहना है कि वह गरीब परिवार से हैं और लोगों के घरों में झाड़ू–पोछा कर अपने परिवार का पालन–पोषण करती हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से जमीन खरीदी थी। धोखाधड़ी के कारण अब मानसिक और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही हैं। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बना दिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग की नहीं है व्यवस्था

**● बिल्डिंग का नक्शा पास करने के दौरान अधिकारी भी नहीं देते ध्यान ● पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से बिगड़ रही शहर की व्यवस्थाएं**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नियमानुसार, किसी भी शापिंग कांप्लेक्स, मॉल व बड़े रेस्टोरेंट में पार्किंग की व्यवस्था होनी आवश्यक है। लेकिन, कोटद्वार शहर में ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। चौंकाने वाली बात तो यह है कि बिल्डिंग का नक्शा पास करने के दौरान अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं देते। नतीजा, व्यवसायिक भवनों के बाहर सड़क पर खड़े वाहन यातायात व्यवस्था में बाधा बन रहे हैं। साथ ही इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।



कोटद्वार के देवी रोड में एक मॉल के बाहर सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया वाहन

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पिछले पांच वर्षों में शापिंग कांप्लेक्स, मॉल व बड़े रेस्टोरेंट की बाढ़ सी आ गई है। पहले ही अतिक्रमण की मार झेल रही सड़कों के किनारे खुले इन व्यवसायिक भवनों ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण अधिकांश ग्राहक सड़क पर ही अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। सबसे बुरी स्थिति देवी रोड में बनी हुई है। मोटर नगर के समीप स्थित एक मॉल के बेसमेंट में पार्किंग है। लेकिन, उक्त पार्किंग के गेट पर अधिकांश ताला ही लटका रहता है। नतीजा, सड़क पर खड़े वाहनों के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी से करीब पांच सौ मीटर आगे बने एक और मॉल में तो पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है। जबकि, उक्त भवन में मॉल के साथ अन्य गतिविधियों का संचालन भी हो रहा है।

### बेपटरी होती जा रही व्यवस्था

शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पार्किंग के अभाव में कई लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर खड़ा कर देते हैं। जिससे सड़क पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासियों की लाख फरियाद के बाद भी नगर निगम व प्रशासन शहर में पार्किंग स्थल का चयन नहीं कर पाया है।

# भाजपाईयों ने मनाया केदारनाथ उपचुनाव की जीत का जश्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : केदारनाथ सीट पर उपचुनाव में मिली जीत पर शनिवार को पौड़ी में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान भाजपाईयों ने आतिशबाजी की और मिष्ठान बांटे। पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने इस जीत पर कहा कि केदारनाथ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर अपना पूरा विश्वास जताया और लगातार वहां जो विकास के काम हुए है उन पर अपनी मुहर लगाई है।

शनिवार को केदारनाथ सीट के उपचुनाव पर भाजपाईयों की सुबह से ही नजर रही। जैसे इस सीट के परिणाम आते रहे कार्यकर्ताओं में उत्सकुता देखी गई। केदारनाथ सीट पर जैसे ही जीत मिली भाजपाईयों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद पार्टी दफ्तर के बाहर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जीत का जश्न मनाया और आतिशबाजी की। इस अवसर पर पार्टी के जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, बीजेपी नगर अध्यक्ष क्रान्ति किशोर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिगम्बर सिंह नेगी, जिला कोषाध्यक्ष संजय रावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संगीता डोभाल, दीपक रावत, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी बृजमोहन नौटियाल, राजकुमार, सुभाष कुमार, संगीता रावत सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस हिरासत में आरोपि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कौड़िया कैंप जाने वाले कच्चे रास्ते पर 4.45 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को दबोच लिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई और उसके खिलाफ एनडीपीएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

कोतवाल रमेश सिंह तनवार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री देवभूमि बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में नशा तस्करी की रोकथाम के लिए पौड़ी पुलिस की ओर से अभियान चलाकर नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली की पुलिस टीम ने रात्रि में चेकिंग के दौरान नशा तस्कर वसीम निवासी कौड़िया को कौड़िया कैंप जाने वाले कच्चे रास्ते के पास दबोच लिया। उसके कब्जे से 4.45 ग्राम स्मैक, स्मैक बेचकर कमाए हुए 54,000 रुपये की नकदी व तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नशे में बारात की बस चला रहा था चालक, किया सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी वाहन चालक अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। शुक्रवार को रिखणीखाल प्रखंड में बारात लेकर जा रही एक बस का चालक नशे में धुत्त पाया गया। पुलिस ने बस को सीज करते हुए उसमें सवार लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की।

कुछ दिन पूर्व अल्मोड़ा के मरचूला में हुए बस हादसे ने सभी हो झकझोर कर रख दिया। इसके बाद अधिकारियों को सख्ती से यातायत अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही समय-समय पर वाहन चालकों को भी जागरूक किया जा रहा है। लेकिन, कई वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं ले रहे।



चैकिंग अभियान के दौरान एक बस चालक की एल्कोमीटर से जांच करते पुलिस कर्मी

प्रत्यक्ष प्रमाण प्रखंड रिखणीखाल का है, जहां परिवहन विभाग, पुलिस व राजस्व विभाग की ओर से वाहन चेकिंग को लेकर संयुक्त अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान एक बस को रोका गया, जो बारातियों को लेकर जा रही थी। एल्कोमीटर से जब बस चालक की जांच की गई तो चालक शराब के नशे में पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने बस को सीज कर दिया। साथ ही यात्रियों को ऐसे वाहन में न बैठने की हिदायत दी, जिसका चालक शराब के नशे में हो। इसके बाद यात्रियों को अन्य वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शशि दूबे व रिखणीखाल थाना प्रभारी संतोष कुमार पैथवाल ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान चखुलियाखाल, मैंदणी तिराहा व रथुवाढ़ाब क्षेत्रों में कई वाहनों में तय सीमा से अधिक सवारियां पाई गई। बताया कि वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई है। एआरटीओ शशि दूबे ने बताया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाने के लिए विभाग की विशेष टीम गठित की गई है।

# पर्यावरण मित्रों को दिए आर्थिक सहायता के चेक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी की ओर से नगर निगम में तैनात पर्यावरण मित्रों को आर्थिक सहायता के चेक दिए गए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण मित्रों के हित में कार्य करने की भी बात कही। कहा कि सरकार पर्यावरण मित्रों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

शनिवार को नगर निगम प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में सबसे बड़ा योगदान पर्यावरण मित्रों का होता है। इसलिए उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि पर्यावरण मित्रों के हितों को लेकर सरकार भी कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। पर्यावरण मित्रों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने 245 पर्यावरण मित्रों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। कहा कि शहरवासियों को भी पर्यावरण मित्रों के सम्मान के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, आयुक्त वैभव गुप्ता, नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज भाटिया, सुखरो मंडल अध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर, कमल नेगी, मनीष भट्ट, कुलदीप रावत, रजत भट्ट, जितेंद्र नेगी, नीरू बाला खंतवाल, नन्द किशोर कुकरेती, मीना बैजवाल, मानेश्वरी बिष्ट, कुसुम पटवाल, उमेद सिंह बिष्ट, संगीता सुन्द्रियाल, गोपाल जखमोला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पर्यावरण मित्रों को सहायता राशि चेक देती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

### गांधी पार्क को संवारने का काम शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नगर पालिका पौड़ी ने गांधी पार्क को संवारने का काम शुरू कर दिया। जल्द ही पार्क बनकर तैयार हो जायेगा। शहर के बीचों-बीच स्थित यह पार्क बच्चों के खेलने के लिए भी कई मायनों में उपयुक्त है। हालांकि पालिका ने इससे पहले पुराने कलक्ट्रेट भवन को भी पालिका को देने के लिए कोशिश की थी, लेकिन पालिका को यह नहीं मिल पाया। कलक्ट्रेट भवन अब सीएम घोषणा के तहत हैरिटेज बिल्डिंग के तौर पर बनाया जा रहा है। अब पालिका ने पुराने कलक्ट्रेट से सटे इस पार्क को संवारने की दिशा में काम शुरू किया है। पालिका के अधिशासी अधिकारी एसपी जोशी ने बताया कि पार्क को नया लुक दिए जाने के संबंध में डीएम पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने दिशा-निर्देश दिए है। पार्क में झूले से लेकर छतरी, वॉक वे आदि जैसे काम किए जा रहे हैं। पालिका के पास इसके लिए पर्याप्त बजट है। जल्द ही पार्क बनकर तैयार हो जाएगा।

## पालाग्रस्त मार्गों में नियमित रूप से चूने व नमक का छिड़काव करें : डीएम

### सार्वजनिक स्थानों पर करें अलाव की व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आगामी शीतलहर और बर्फबारी की संभावना को देखते हुए जनपद में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। डीएम ने लोक निर्माण विभाग को पालाग्रस्त मार्गों में नियमित रूप से चूने व नमक का छिड़काव करने को कहा। साथ ही बर्फबारी के कारण अवरुद्ध होने वाले मोटर मार्गों की सूची तैयार करते हुये उन मार्गों पर बर्फबारी के दौरान यातायात बहाल किये जाने के लिए आवश्यक मात्रा में जेसीबी मशीन व ऑपरेटरों की तैनाती करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में शीत लहरी के प्रकोप से बचाव के लिए समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नगर निकायों को असहाय, बेसहारा लोगों की शीत लहरी से सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों (रेलवे/बस स्टेशन, चौराहा, पड़ाव, सराय आदि) पर अलाव की व्यवस्था करने के साथ ही कम्बल वितरण करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही इसकी फोटोग्राफ्स सहित रिपोर्ट आपातकालीन परिचालन केंद्र पौड़ी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था करते हुए वहां पेयजल, विद्युत, शौचालय और आवासीय व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने शीत लहरी व बर्फबारी के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को संवेदनशील व दूरस्थ क्षेत्रों में माह दिसम्बर के पहले सप्ताह तक अनिवार्य रूप से खाद्यान्न और ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति की उचित व्यवस्था व मुख्य चिकित्साधिकारी को पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियों का भंडार और आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों के नाम, सम्पर्क नम्बर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अमेरिका में घूसखोरी सहित अन्य मामले दर्ज होने के बाद अडानी समूह को बचाने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि भ्रष्टाचारी को बचाना देश के लिए ठीक नहीं है।

शनिवार को जिला अध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कांग्रेसी तहसील परिसर के समीप स्थित तिराहे में एकत्रित हुए। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बात कही थी। लेकिन, अब तो भाजपा स्वयं ही भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। घूसखोरी सहित अन्य मामलों में संलिप्त अडानी को संरक्षण देकर भाजपा देश के साथ धोखा कर रही है। कहा कि एक भ्रष्टाचारी को संरक्षण देना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में वीरेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, रंजना रावत, मधु शर्मा, माया देवी, कुलवंत सिंह पुंडीर, मनोज रावत, संदीप रावत, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, गब्बर सिंह रावत, जावेद, विनोद नेगी, धर्मेंद्र कुमार, दलीप नेगी, बलवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के तहसील तिराहे में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

# दांपत्य जीवन में बंधे वर-वधू

### वृद्ध आश्रम मलेठी में कन्या का हुआ हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बंधुवर सेवा समिति के सहयोग एवं ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम मलेठी के संस्थापक ठाकुर सुंदर सिंह चौहान की सहायता से एक और जरूरतमंद कन्या का विवाह हिंदू रीति-रिवाज के साथ धूमधाम से सम्पन्न करवाया गया। ज्ञात हो कि बंधुवर सेवा समिति समाजिक संस्था और ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम मलेठी के सहयोग से जरूरतमंद गरीब परिवारों कन्याओं की शादियां करवाई जाती है। अब तक पांच कन्याओं की शादी करवाई गई है। शनिवार को सतपुली स्थित ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम मलेठी में तारा सिंह निवासी ग्राम गुनिगांव, पदमपुर नैनीताल की पुत्री ममता का विवाह उमेश पुत्र देवेन्द्र सिंह रावत निवासी ग्राम उच्चकोट पट्टी मौनंदाडस्यूं, एकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल के ाथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ बड़ी धूमधाम से सम्पन्न करवाया गया। बंधुवर सेवा समिति के सदस्य एवं पंडित सरिता नंद डुकलाण द्वारा वर वधू को लग्न संस्कार कर परिणय सूत्र में बांधा। इस मौके पर बंधुवर सेवा समिति संस्था अध्यक्ष श्रीमती माया देवी, कैप्टन रणधीर सिंह नेगी, तिलोक सिंह नेगी, रणवीर सिंह रावत, विक्रम सिंह रावत, विनोद सिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद नैथानी, पुष्पेंद्र सिंह राणा, निकिता चौहान, नीलम चौहान, राजकमल रावत, विपुल सिंह रावत, जितेंद्र चौहान, तिलोक सिंह चौहान, आश्रम प्रबंधक पुनीत रावत, पूर्व प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत आदि मौजूद रहे।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2024-25/TN-10 — दिनांक 23.11.2024

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-17-TRD-MB-24-25 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के खुर्जा–मेरठ एवं रोजा–सीतापुर खंड के स्काडा प्रणाली का उन्नयन। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 16.12.2024, 11:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,94,99,345/- (Incl. GST @ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 2,97,500/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 Days |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

3614/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No, Date | 238-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 | 239-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 | 240-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 | 241-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 | 242-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 | 243-DRM-MB-24-25 dt.22.11.24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of work | Balance work of covering at LHS no. 14 (MB-CH), 21(BE-CH)& LHS no.47(CH-HG) in the section of ADEN/CH | Cess repair work at Km 1381-1407 in MB-BE section in the jurisdiction of SSE/PWay/MB under ADEN/HQ/MB | Provision of 2 No. Sump well near Kapoor company nallah to reduce water logging in MB yard & Temporary measure to repair stone slab roofing supported on wooden beams of service building at MB Stn under ADEN/HQ/MB | Heavy repair to leaky roof of staff quarters and service building in Railway Harthala and south Colonies MB and Heavy repair to south colony Nallah to improve yard drainage under ADEN/HQ/MB | Heavy repair to leaky roof of staff quarters and service building in Railway North Colony MB. Under ADEN/HQ/MB | Heavy repair of worn out floor by VDC flooring & pre cast RCC coping at PF-1 LKO end MB & Replacement of worn–out shelter sheet & coping stone at PF-4&5 at MB station under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 16.12.2024 | 16.12.2024 | 16.12.2024 | 16.12.2024 | 16.12.2024 | 16.12.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 2,24,46,190.82/- | 58,87,042.30/- | 1,09,66,254.41/- | 1,63,99,686.01/- | 51,95,786.08/- | 1,34,05,890.44/- |
| Earnest Money (Rs.) | 2,62,200.00/- | 1,17,800.00/- | 2,04,800.00/- | 2,32,000.00/- | 1,03,900.00/- | 2,17,000.00/- |
| Bidding Start Date | 02.12.2024 | 02.12.2024 | 02.12.2024 | 02.12.2024 | 02.12.2024 | 02.12.2024 |
| Period of Completion | 06 month | 06 month | 06 month | 06 month | 06 month | 06 month |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 22.11.2024 — 3609/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### ताम्र कारीगरों के प्रशिक्षण को बनाएं योजना

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने अल्मोड़ा के ताम्र नगरी (टम्टा मोहल्ले) का शनिवार को निरीक्षण किया। यहां उन्होंने तांबे के कार्यों में लगे शिल्पकारों से बात की तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कारीगरों द्वारा तैयार किए गए बर्तन एवं अन्य उपकरणों को देखकर उनकी बहुत सराहना की तथा उनकी कारीगरी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान जिलाधिकारी ने यहां उपस्थित महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि यहां कार्यरत कारीगरों के विकास एवं उनके कार्यों को लेकर एक प्रोजेक्ट तैयार करें इन कारीगरों का प्रशिक्षण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के प्रोग्राम हो। साथ ही उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों के बेहतर दाम उनको मिल सके इसके लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जो भी इनकी समस्या है, वह संबंधित विभागों के माध्यम से निस्तारित कराई जाए। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने राजकीय होटल मैनेजमेंट संस्थान अल्मोड़ा का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने संचालित कार्यक्रमों, अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मीरा बोरा समेत अन्य उपस्थित रहे।

### जब तक कहा न जाए मत बोलो यह कहती बांसुरी: आचार्य ममगांई

देहरादून। सरस्वती विहार में श्रीमद्भागवत महापुराण से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पारम्परिक वाद्य यंत्र ढोल दमाऊं की थाप महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। गोविन्द जय गोपाल जय के जय घोष से यह शोभायात्रा सरस्वती विहार शिव मन्दिर से होते हुए कथा पंडाल पर पहुंची। लड्डू गोपाल जी का अभिषेक कर मन्दिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं संग शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। कथा वाचन करते हुए आचार्य शिवप्रसाद ममगांई ने भगवान कृष्ण की छह प्रिय वस्तुओं में से एक मुरली की व्याख्या करते हुए कहा कि बांसुरी भगवान श्री कृष्ण को अत्यंत प्रिय है, क्योंकि बांसुरी में तीन गुण है। पहला बांसुरी में गांठ नहीं है। जो संकेत देता है कि अपने अंदर किसी भी प्रकार की गांठ मत रखो, यानी मन में बदले की भावना मत रखो। दूसरा बिना बजाए यह बजती नहीं, मानो बता रही है कि जब तक ना कहा जाए तब तक मत बोलो। तीसरा जब भी बजती है मधुर ही बजती है, जिसका अर्थ है कि जब भी बोलो मीठा बोलो। जब ऐसे गुण किसी में भगवान देखते हैं, तो उसे उठाकर अपने होंठों से लगा लेते हैं।

### लोकसभा के सदन में उठेगा हरिद्वार कॉरिडोर का मुद्दा

हरिद्वार। हरिद्वार में प्रस्तावित गंगा कॉरिडोर को लेकर कांग्रेसियों ने सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने कॉरिडोर के मुद्दे को लोकसभा में उठाने की अपील की है। हरिद्वार में बनने वाले कॉरिडोर को लेकर कांग्रेस व्यापारियों के साथ मिलकर आंदोलन कर रही है। एक दिसंबर से इसको लेकर रैली भी निकाली जा रही है, जबकि पूर्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत तक इस मुद्दे पर विरोध कर चुके हैं। प्रदेश में कांग्रेस का सांसद नहीं होने पर कांग्रेसियों ने सोनीपत के सांसद को ज्ञापन दिया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि हरिद्वार के पौराणिक स्वरूप से किसी को छेड़छाड़ नहीं करने दी जाएगी।

### युवती पर शादी का बनाया दबाव, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। एक युवती की फर्जी आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल कर शादी के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। सिडकुल पुलिस ने पीड़िता की ओर से आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुजफ्फरनगर की रहने वाली युवती सिडकुल की औद्योगिक इकाई में कार्यरत है।

उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मुलाकात राजन तालियान निवासी वाजिदपुर खुर्द खतौली जिला मुजफ्फरनगर से हुई थी। वह उस पर पिछले कई वर्ष से शादी का दबाव बना रहा था। उनके बीच दोस्ती होने के चलते वह अक्सर उसके साथ घूमने आया जाया करती थी। बताया कि इसी दौरान उसने कई फोटो खींचे थे। आरोप है कि अब उन फोटो की बदौलत उसे शादी के लिए दबाव बना रहा है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक फर्जी आईडी बनाकर उसके फोटो अपलोड किए जा रहे हैं।

# शिविर में बनें 15 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 22 पेंशनरों के आवेदन स्वीकृत

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : ब्लॉक द्वारीखाल में शनिवार को समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभाग ने अपने स्टॉल लगाए और संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। शिविर में 15 लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। साथ ही 22 पेंशनरों के आवेदन स्वीकृत किये गये। शिविर का विधिवत शुभारंभ करते हुए ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने कहा कि इस तरह के शिविरों से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलता है। शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने 15 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए, जबकि 32 लोगों का स्वास्थ्य



परीक्षण किया। 24 कृषि यंत्र भी वितरित किये गये। इसके साथ ही समाज कल्याण की विभिन्न पेंशनों के 22 आवेदन पत्र स्वीकृत होने के साथ ही 42 सत्यापन फार्म दिए गए, जबकि 2 लोगों को व्हील चेयर दी गई। इसके साथ ही यहां कान की मशीन, बैसाखी आदि भी पात्रों को दिए गए। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी ज्योति, बीडीओ रवि सैनी, कनिष्क उपप्रमुख रविन्द्र रावत, जिला पंचायत सदस्य कुलभुषण, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन नेगी, भारत सिंह, यशपाल सिंह रावत, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन नेगी, रेनु उनियाल, शोभा नैथानी, आशा देवी, सीमा देवी, जगमोहन देवरानी, प्रभाकर डोबरियाल, सुनीता देवी, सतीशचन्द्र, संजय श्रीवास्तव, प्रीति अरोडा बाल विकास परियोजना अधिकारी, हडडी रोग विशेषज्ञ डॉ. वीसी काला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके सिंह, डॉ. हरेन्द्र कुमार, मनोचिकित्सक डॉ. राशीद, डॉ. आयूष, डॉ. उमेश भटट, डॉ. शिखा नेगी, सुमन नेगी, डॉ. संस्कृति नेगी, सुखपाल सिंह, धर्मेन्द्र पंवार, देवकी नन्दन जोशी, मनमोहन बिष्ट आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी सतीश शर्मा ने किया।



## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चमोली ने जीता गोल्ड

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में 14 व 15 नवंबर को राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में चमोली के 08 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद चमोली से बालिका वर्ग में हिफजा नूर ने गोल्ड मेडल हासिल किया। जबकि दिशांत, अनुराग एवं जय कृष्णा ने ब्रांज मेडल जीतने में कामयाब रहे। बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ी हिफजा नूर को 28 से 30 नवंबर को हरियाणा (पंचकूला) में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। हल्द्वानी में ताइक्वांडो प्रतियोगिता के समापन के बाद जनपद लौटे सभी खिलाड़ियों का ताइक्वांडो एसोसिएशन चमोली के पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

## राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ रहे छात्रों को मिले संसाधनों का लाभ : प्रो अनीता

देहरादून। यूसर्क का प्रयास है कि राज्य के शिक्षण व शोध संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का लाभ राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को भी मिले। यह बात शनिवार को उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) और ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय देहरादून के बीच एमओयू साइन करने के दौरान यूसर्क की निदेशक प्रो अनीता रावत ने कही। निदेशक प्रो अनीता रावत ने कहा कि यूसर्क और ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय एक दूसरे के सहयोग से विज्ञान– तकनीकी के क्षेत्र में छात्रों के बीच वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करेंगे। उन्होंने बताया कि यूसर्क ने प्रदेश के सभी 13 जिलों में 200 विज्ञान चेतना केन्द्रों, 82 स्टेम प्रयोगशालाओं की स्थापना की है। टेक्नोलॉजी आधारित विज्ञान शिक्षा के अंतर्गत निशुल्क ई–कन्टैंट को उपलब्ध करवाने के साथ ही समग्र और समन्वित विकास को केन्द्रित करते हुए पूरे प्रदेश में 10 उद्यमिता विकास केंद्रों की स्थापना की गई है।

इस दिशा में यूसर्क द्वारा पांच प्रमुख कार्य क्षेत्रों शोध व अनुसंधान, प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण, पर्यावरण व संरक्षण, तकनीकी आधारित विज्ञान शिक्षा, सोसाइटल आउटरीच कार्यक्रम आदि को केन्द्रित करते हुए आज ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय, देहरादून के साथ एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) किया गया है।

## रकम मांगी तो ज्वेलर ने की गली गलौच, केस दर्ज

देहरादून। धामावाला बाजार के ज्वेलर के खिलाफ रुपये मांगने पर गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। शशी शेखर कर्णवाल निवासी आर्य समाज मंदिर धामावाला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि कनक ज्वेलर के मालिक राहुल वैद पर उनके 1.46 लाख रुपये बकाया चल रहे हैं। कर्णवाला का कहना है कि आरोपी से कई बार रुपये मांगे गए। वह भुगतान नहीं कर रहा है। पीड़ित ने बीते 18 नवंबर को रुपये देने का दबाव बनाया। आरोप है कि तब राहुल वैद ने गाली–गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शहर कोतवाल चंद्रभान सिंह अधिकारी ने आरोपी कनक ज्वेलर के मालिक राहुल वैद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सुभाई गांव में डीएम और एसपी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली** : जोशीमठ ब्लाक के दूरस्थ ग्राम सुभाई निवासी सामान्य जाति के व्यक्तियों द्वारा ग्राम के अनुसूचित जाति के लोगों से भेदभाव, छुआछूत और बहिष्कार के पूर्व में घटित प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने शनिवार को सुभाई गांव का दौरा किया। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ग्राम सुभाई (चांचडी) में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया।

इस मौके पर सामान्य जाति और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच गांव में विद्युत, पेयजल, शिक्षा, खाद्यान्न वितरण एवं अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें किसी प्रकार भेदभाव का मामला नहीं पाया गया। अनुसूचित जाति के लोगों ने कहा कि गांव में होने वाले सार्वजनिक कार्यों में



उनको भी सहभागिता दी जाए। अनुसूचित जाति बस्ती में रास्ता निर्माण की मांग पर जिलाधिकारी ने बीडीओ जोशीमठ को मनरेगा से रास्ता बनवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बिजली, पानी, शिक्षा, यातायात, खाद्यान्न एवं अन्य सभी बिंदुओं पर ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। जिसमें सभी सुविधाएं एवं व्यवस्था सामान्य पायी गई। अप्रैल, 2024 में हुई घटना की तिथि से ग्राम चांचडी में माहौल सामान्य है। ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार की गंभीर समस्या के बारे में नहीं बताया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को बताया कि कोई भी समस्या होने पर उन्हें सूचित किया जाए। इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट सहित ग्राम चांचडी के ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने नामित किए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद चमोली में नगर निकाय चुनाव को सफल संपादन हेतु जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। जिले में 04 नगर पालिका परिषद और 06 नगर पंचायत चुनाव होने है।

नगर पालिका परिषद ज्योतिर्मठ में उप जिलाधिकारी चन्द्र शेखर वशिष्ठ को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड विकास अधिकारी हरीश चन्द्र सुयाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय को रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक निदेशक डेयरी अभिनव नौटियाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग के लिए उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड विकास अधिकारी विजय प्रसाद पुरोहित को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पालिका परिषद गौचर के लिए तहसीलदार सुधा डोभाल को रिटर्निंग ऑफिसर और लोनिवि के सहायक अभियंता अनूप सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत पीपलकोटी के लिए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद नेगी को रिटर्निंग ऑफिसर और कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजेश खेतवाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत नंदप्रयाग के लिए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सूरजभान सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार उप्रेती को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत पोखरी के लिए उप जिलाधिकारी अबरार अहमद को रिटर्निंग ऑफिसर और पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य दिनेश कन्जोलिया को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत थराली के लिए उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता को रिटर्निंग ऑफिसर और तहसीलदार दिगम्बर सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत गैरसैंण के लिए लोनिवि के अधिशासी अभियंता जगदीश प्रसाद को रिटर्निंग ऑफिसर और सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता कुलदीप सिंह रावत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत नंदानगर (घाट) के लिए पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता प्रमोद गंगाडी को रिटर्निंग ऑफिसर और तहसीलदार गिरीश चन्द्र तिवाड़ी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने निकाय चुनाव के लिए तैनात सभी रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को निकाय वार्डों में मतदान केंद्र, स्थलों में उपलब्ध सुविधाओं का स्थलीय सत्यापन और निरीक्षण करने, नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने, उनकी जांच तथा नाम निर्देशन पत्रों की वापसी एवं निर्वाचन प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्यवाही संबंधित निकायों के तहसील मुख्यालय के अनुसार करने के आदेश जारी किए है।

जिला मजिस्ट्रेट ने अधिसूचनाओं के अनुसार कार्यक्रमों का निकाय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर उसकी प्रतियां संबंधित कार्यालय एवं निकायों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने के आदेश भी जारी किए है।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य में फार्मासिस्टों की अहम भूमिका

देहरादून(। सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय (एसबीएस विश्वविद्यालय) ने राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत शनिवार को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य में फार्मासिस्टों की भूमिका पर चर्चा की गई। जिसमें सुरक्षित दवा उपयोग सुनिश्चित करने, रोगी देखभाल बढ़ाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में फार्मासिस्टों, फार्मेसी तकनीशियनों और अन्य पेशेवरों के अपरिहार्य योगदान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसबीएस विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. गौरवदीप सिंह और कुलपति प्रो. जे कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर की।

प्रो. जे कुमार ने पूर्व छात्रों को बधाई दी और स्वास्थ्य देखभाल में फार्मेसी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त की। स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. वीरमा राम ने राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का विस्तृत ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया।इस दौरान यूनी मेडिकोलैब्स के महाप्रबंधक रामराज सिंह राठौड़ पीएमटी इंडिया के संस्थापक निदेशक डॉ. रजनीश नेगी और मूल्य निगरानी इकाई की उत्तराखंड परियोजना समन्वयक डॉ. मीनाक्षी भट्ट सहित कई विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

## लगातार बदल रही तकनीकों पर हुआ मंथन

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी में नई तकनीकों को लेकर चल रही संगोष्ठी में आखिरी दिन शनिवार को प्रौद्योगिकी में हो रहे लगातार बदलाव और उसमें छात्रों की भूमिका पर मंथन हुआ। इस मौके पर शिक्षा और उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञों ने डिजिटल युग में स्मार्ट टेक्नोलॉजी से छात्रों को रूबरू करवाया। संगोष्ठी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने छात्रों से उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की तरक्की में नवीन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की विशेष भूमिका होती है और भारत जिस तेज़ी से आगे बढ़ रहा है उसमें नवीन प्रौद्योगिकियों का प्रयोग महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बंगलुरू स्थित थॉटवर्क्स में प्रोग्रम मैनेजर मनप्रीत कौर ने इंजीनियरिंग डिज़ाइन और नयी खोजों में एआई की भूमिका सहित मानव जैसे दिखने वाले रोबोट निर्माण में जेनरेटिव एआई और नेविगेशन के बारे में बताया। जापान स्थित यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन प्रोफ़ेसर हरुमी ओइशी ने मस्तिष्क की गतिविधियों पर नजर रखने और उनका विश्लेषण करने वाले यंत्रों की जानकारी दी। जियो के मुख्य तकनीकी अधिकारी संजय गोयल ने नयी पीढ़ी के लिए मोबाइल नेटवर्क्स पर अपने विचार रखे। देहरादून आईटी पार्क स्थित ऍफ़टेकीज़ के निदेशक मोहित माली ने ब्लॉक चेन और ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी की जानकारी दी।

ग्रेटर नॉएडा स्थित बेनेट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ रजत चौधरी ने ऐसे सॉफ्टवेयर आधारित तकनीकों के जानकारी दी, जो टाइम–सेंसिटिव नेटवर्क्स को औद्योगिक स्वचालन, रोबोटिक्स, और इंटरनेट ऑफ थिंग्स में उपयोग के लिए सेट करने, प्रबंधित और अनुकूलित करने में मदद करती हैं।

## सिटी कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एनसीसी दिवस

रुद्रपुर। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय,प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान,आर्मी विंग ए एन ओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट ,नेवी विंग ए एन ओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, एयर विंग ए एन ओ थर्ड ऑफिसर लक्ष्मी मेहता तथा परमानेंट इंस्ट्रक्टर सतीश नाथ गोस्वामी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी ध्वज को सलामी देकर, परेड की गई। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अपनी 76वीं वर्षगांठ मना रहा है। 1948 में स्थापित एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह हैं। विद्यालय के आर्मी ,नेवी तथा एयर एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देशभक्ति गीत ,सांस्कृतिक कार्यक्रम कविताएं आदि शामिल रही।विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत में दुनिया का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जिसमें 1.2 मिलियन से अधिक कैडेट हैं। यह भारतीय सेना से संबद्ध एक स्वैच्छिक संगठन है।

## यूयूएसडीए के कार्यक्रम निदेशक ने की विकास कार्यों की समीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड शहरी विकास क्षेत्र एजेंसी (यूयूएसडीए) के निदेशक चंद्रेश कुमार ने एडीबी की ओर से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को काम समय पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि परियोजनाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए विभिन्न माध्यम उपलब्ध हैं। इस दौरान एडीबी के वरिष्ठ नगर विकास विशेषज्ञ पैड्रो एल्मीडा ने बताया कि परियोजना के तहत देहरादून और हल्द्वानी नगरों में सीवर और पेयजल के काम चल रहे हैं। देहरादून में 68 फीसदी और हल्द्वानी में आठ फीसदी काम पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अपर कार्यक्रम निदेशक विनय मिश्रा, उप कार्यक्रम निदेशक संजय तिवारी, टाटा कंसल्टिंग के विशेषज्ञ जितेन्द्र त्यागी, अमिताभ सरकार आदि मौजूद रहे।

## अडानी सबसे भ्रष्ट व्यक्ति, तुरंत किया जाए गिरफ्तार: भूपेंद्र भोज

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में कांग्रेस ने केंद्र सरकार और अडानी का पुतला फूंका और सरकार से अडानी की गिरफ़्तारी की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी अल्मोड़ा द्वारा अदाणी द्वारा घूस दिए जाने पर अमेरिका में हुए मुकदमे मैं गौतम अडानी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया और गौतम अडानी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई और भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचारी गौतम अडानी को बचाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर अडानी को शह देने का आरोप लगाया। उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिका में कथित रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगने के बाद विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर



जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गौतम अडानी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चौघानपाटा में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने कहा कि अडानी पर अमेरिका में रिश्वतखोरी मामले में नाम आने पर सरकार को अडानी को गिरफ्तार करना चाहिए। कहा कि अडानी सबसे भ्रष्ट व्यक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी को संरक्षण देते हैं और एसे व्यक्ति की तुरंत गिरफ़्तारी होनी चाहिए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अडानी और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। यहाँ पुतला दहन में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, दीवान सतवाल, पूरन रौतेला, दीपक कुमार, मनोज सनवाल, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, संजू सिंह, शरद साह, ललित सतवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन जिहाद के सहारे भाजपा जीती केदारनाथ उपचुनाव: हरीश रावत

अल्मोड़ा। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के परिणाम को लोकतंत्र के लिए चिंताजनक करार दिया है। पूर्व सीएम ने केदारनाथ के साथ प्रदेश में पलायन, रोजगार और महिला सुरक्षा के मुद्दे उठाए।

अल्मोड़ा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान हरीश रावत ने भारतीय जनता पार्टी पर धनबल और शराब तथा सरकारी मशीनरी के सहारे चुनाव जीतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया, जिसने अपना पूरा जीवन उत्तराखंड को बचाने में लगा दिया। उन्होंने मनोज रावत को भू कानून और मूल निवास के लिए आवाज उठाने वाला शख्स बताया। कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि जनता अपना आशीर्वाद मनोज रावत को देगी। लेकिन जनता उत्तराखंड को बचाने की बात करने वाले को नहीं समझ सकी। जनता का यह




फैसला बेहद ही चिंताजनक है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में तीन जिहाद चलाए हैं। हरीश रावत ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव में शराब जिहाद, पैसा जिहाद व पुलिस प्रशासन जिहाद चलाया। भाजपा ने जीत के लिए शराब, धन–बल और सरकारी मशीनरी का प्रयोग किया। महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों पर बोलते हुए हरीश रावत ने कहा कि वहां की स्थिति भी लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने बीजेपी पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'बटोगे तो कटोगे' जैसे नारे यह साबित करते हैं कि बीजेपी अब संविधान में विश्वास नहीं रखती। हरीश रावत ने उत्तराखंड में बढ़ते नशे के जाल पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है, लेकिन बीजेपी सरकार इसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने पलायन और गैरसैंण जैसे अहम मुद्दों पर भी राज्य सरकार को पूरी तरह विफल बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव में मिली हार की पार्टी समीक्षा करेगी और आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाएगी। उन्होंने जनता के प्यार और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। यहाँ पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, राधा बिष्ट, शोभा जोशी और मनोज सनवाल सहित कई अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## महेश्वरी कनेरी के कविता संग्रह 'अंतर्मन का लोकार्पण

देहरादून। वरिष्ठ कवयित्री महेश्वरी कनेरी के काव्य संग्रह 'अंतर्मन का शनिवार को सुभाष रोड स्थित एक होटल में लोकार्पण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस काव्य संग्रह में कवयित्री महेश्वरी कनेरी ने जीवन के गहरे अनुभवों को काव्य रूप में मोती की तरह पिरोया है।

यह कविता संग्रह निश्चित रूप से काव्य प्रेमियों को पसंद आएगा। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने गीत गजलों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शायर शादाब मशहदी और दर्द गढ़वाली ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् कमला पंत ने कहा कि महेश्वरी कनेरी ने 'अंतर्मन में सबके मन की बात कह दी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विद्या सिंह, डॉली डबराल और डीएन भटकोटी ने कहा कि महेश्वरी कनेरी की कविताएं सरल और सहज हैं। वरिष्ठ साहित्यकार असीम शुक्ल ने कहा कि महेश्वरी कनेरी की कविताएं हर दृष्टि से उत्कृष्ट हैं। इससे पहले कवयित्री महेश्वरी कनेरी ने अपनी काव्य यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ कवि साहित्यकार प्रो. रामविनय सिंह, अंबर खरबंदा, श्रीकांत श्री, महिमा श्री, जसवीर सिंह हलधर, शिवचरण शर्मा मुज़्तर, मोनिका मंतशा, योगेश्वर गौड़ वीरेंद्र डंगवाल, केडी शर्मा, बसंती मठपाल, उषा झा, निशा अतुल्य, यामा शर्मा, संगीता शाह, कविता बिष्ट आदि रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com